>

Title: Need to augment rail services in Amroha Parliamentary Constituency, Uttar-Pradesh-Laid.

श्री देवेन्द्र नागपाल (अमरोहा): मैं आपके माध्यम से माननीया रेल मंत्री, भारत सरकार का ध्यान दिल्ली से मुरादाबाद रेलमार्ग पर विद्युत लाइन न होने व अन्य रेल संबंधी समस्या पर आकर्षित करना चाहता हूँ।

मेरे लोक सभा क्षेत्र अमरोहा से होकर जाने वाले दिल्ली-लखनऊ रेल मार्ग के दिल्ली से मुरादाबाद रेल मार्ग पर विद्युत लाइन नहीं है जो कि देश की राजधानी को उत्तर प्रदेश की राजधानी से जोड़ता है व मेरे ही लोक सभा क्षेत्र स्थित गजरौला-बिजनौर मार्ग, गढ़मुक्तेश्वर चौपला-मेरठ मार्ग व अमरोहा-अतरासी रेलवे क्रासिंग पर फ्लाइओवर न होने के कारण रोजमर्रा का जननीवन चिकित्सा, पर्यटन व गढ़गंगाधाम में पवित्र स्नान इत्यादि में बाधक है। वर्तमान रेलवे बजट में माननीय रेल मंत्री द्वारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कोई नई रेलवे लाईन स्वीकृत नहीं की गयी है।

अध्यक्ष महादया, आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि उक्त समस्या जो कि रेल संबंधी उन्नति में बाधक है का समाधान तत्काल प्रभाव से करने की कृपा करें।